कार्यालय, मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, वीरपुर।
Email Id-cebirpur@gmail.com

——————

पत्रांक–बाढ़(त०अं०)–13/2026–........................../ वीरपुर, दिनांक–........................../2026

बाढ़ संघर्षात्मक कार्य (वर्ष–2026) हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर के परिक्षेत्राधीन शीर्ष कार्य प्रमंडल, वीरपुर/पूर्वी तटबंध प्रमंडल, वीरपुर/पश्चिमी तटबंध प्रमंडल, वीरपुर/पूर्वी तटबंध प्रमंडल –2, वीरपुर/जल निस्सरण प्रमंडल, राघोपुर/पश्चिमी तटबंध प्रमंडल, निर्मली/पूर्वी तटबंध प्रमंडल, सुपौल/पूर्वी कोशी तटबंध प्रमंडल, चन्द्रायण/पूर्वी तटबंध प्रमण्डल, कोपरिया/जल निस्सरण प्रमंडल, सहरसा के क्षेत्राधीन नामांकन के आधार पर वर्ष–2026 बाढ़ अवधि (01 जून 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक) के दौरान बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराने हेतु जल संसाधन विभाग में निबंधित संवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक संवेदक जल संसाधन विभाग में वैद्य निबंधन पत्र के साथ प्रमंडलों का नाम उल्लेखित करते हुए आवेदन (मोबाईल संख्या/दूरभाष संख्या सहित) कर सकते हैं। श्रेणी–4 में जिला विशेष के पथ प्रमंडल द्वारा निबंधित संवेदक संबंधित जिला में कार्य करने के लिए आवेदन दे सकते हैं।

संवेदक को अपने आवेदन के साथ वैद्य निबंधन पत्र के अलावे चरित्र प्रमाण पत्र, विधिवत् एक घोषणा पत्र शपथ पत्र (नोटरी से निर्गत) के रूप में संलग्न करना होगा, जिसमें निबंधन संख्या, अपना नाम, पिता का नाम एवं पता के साथ यह घोषणा करना अनिवार्य होगा कि **"कार्य मिलने पर वे स्वयं स्थल पर अपने संसाधनों (मजदूर आदि) के साथ चौबीस घंटे मुस्तैद रहेंगे एवं ऐसा नहीं करने पर विभाग उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई कर सकती है"**। बाढ़ संघर्षात्मक कार्य आपातकालीन एवं जोखिम भरा कठिन कार्य होता है, इसलिए संवेदक सोच समझ कर आवेदन करेंगे। उक्त घोषणा का उल्लेख शपथ पत्र में नहीं रहने पर उनके आवेदन को मान्यता नहीं दी जायेगी।

इच्छुक संवेदक अपना आवेदन दिनांक–05.05.2026 से दिनांक–25.05.2026 के 5:00 बजे (अपराह्न) तक कार्य दिवस में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर के कार्यालय में सीधे जमा करेंगे। निर्धारित तिथि/समय के बाद एवं अन्य कार्यालयों में समर्पित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे तथा उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

ह०/–
(संजीव शैलेश)
मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक–......1160....../ वीरपुर, दिनांक–.....20.04....../2026।

प्रतिलिपिः–जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना को ई–मेल के माध्यम से सूचना की हार्ड प्रति एवं सॉफ्ट प्रति के साथ संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि संलग्न सूचना को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।
अनुः–यथावत्।

20/4/26

मुख्य अभियंता।